# कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद वन प्रमण्डल।

(मिश्रित भवन, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद)

0326-2313385 Email– dfodhanbad@gmail.com

9471192101, 8987790305 dfo-dhanbad@gov.in


पत्रांक :– 1248 दिनांक :– 31-05-2022

सेवा में,

महाप्रबन्धक,
बरोरा क्षेत्र,
बी0सी0सी0एल0।

विषय :– बी0सी0सी0एल0 बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा समर्पित बी0सी0सी0एल0 बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक– 20.05.2022 को स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण करने के क्रम में पाया गया कि आपकी परियोजना हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 वनभूमि पर काफी पहले OB Dump किया गया है एवं उस पर बहुत पहले ही वृक्षारोपण किया गया है। वृक्षारोपण किये पौधे बल्कि जंगल का स्वरूप ले चुके है। वनभूमि पर OB Dump करना एक गैर वानिकी कार्य है जिसके लिए भारत सरकार की पूर्वानुमति आवश्यक है। यदि यह कार्य वर्ष 1980 के बाद किया गया हो तो यह वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के उल्लंघन का मामला बनता है।

अतः अनुरोध है कि यह सूचित किया जाय कि उक्त 133.69 हे0 वनभूमि पर किसके आदेश से किस वर्ष OB Dump रखा गया है एवं उस पर वृक्षारोपण किस वर्ष किया गया है और किस एजेन्सी द्वारा किया गया है, ताकि आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

31.05.22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
धनबाद।

31.05.2022

Pen drive /C.A./Letter 2022